हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

11 फतेहाबाद से चंडीगढ़ जाने वाली रोडवेज का किराया 10 रुपये बढ़ाया




12 जाखल में मिली हार के अगले दिन डीजे पर नाचते दिखे...












# त्योहार पर सजे बाजार, किया गया होलिका दहन, पेरामाउंड स्कूल में सेल्फी प्वाइंट पर छात्र-छात्राओं ने मनाई होली

**खास बातें** बाजार में विभिन्न डिजाइनों की पिचकारियां बच्चों को लुभा रही, हर्बल गुलाल की डिमांड बढ़ी

- अनेक स्थानों पर लगी रंगों की स्टालों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी
- जगह-जगह कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

## लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और मिष्ठान बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

रंगों के त्योहार होली को लेकर फतेहाबाद के बाजारों में वीरवार को काफी चहल-पहल रही। सारे बाजार रंगों से सरोबार थे। वीरवार शाम को अनेक स्थानों पर होलिका पूजन के बाद दहन किया गया। मंदिरों, धर्मशालाओं, सरोवरों व कालोनियों के घरों में होलिका दहन किया गया। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और मिष्ठान बांटे। होली को लेकर बाजार में अनेक स्थानों पर लगी रंगों की स्टालों पर खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

देर रात तक लोग खरीददारी करते नजर। शुक्रवार को फाग उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। स्कूलों में भी आज होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पैरामाउंट कान्वेंट स्कूल में बच्चों के लिए खास सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जिस पर बच्चों ने टीचर व स्कूल प्रिंसीपल मुनीष कोहली को रंग लगाकर होली का आगाज किया। इस बार बच्चों के लिए पिचकारियों के भी डिजाइन बदले हुए हैं। पहले की तरह सामान्य पिचकारियों की बजाय इस बार इलैक्ट्रिक पिचकारियों के अलावा टैंक, बंदूक, तलवार व कलम वाली पिचकारी सबसे अधिक लोगों को लुभा रही है। स्पाइडरमैन, छोटा भीम, गणेश, डोरीमॉन, पिकाचू के रूप में भी पिचकारी दुकानों पर उपलब्ध है। छोटी लड़कियां बॉर्बी डोल, बर्ड, डक और शोल्डर टैंक की पिचकारियां अधिक पसंद की जा रही हैं। शहर के थाना रोड, पुरानी सब्जी मंडी, धर्मशाला रोड व चार मरला कॉलोनी सहित शहर के बीच गलियों में छोटी-मोटी दुकानें भी रंगों व पिचकारियों से अट गई हैं। ज्यों-ज्यों होली के दिन नजदीक आ रहे हैं, इन दुकानों पर खरीदारों की भीड़ भी बढ़ रही है। व्यापारियों ने ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए खुशबू वाली गुलाल मंगाई है। इस बार कैमिकल रहित हर्बल गुलाल की डिमांड ज्यादा है। साथ ही दुकानों को मुखौटों और पिचकारियों से सजा रखा है।




फतेहाबाद। पेरामाउंट स्कूल में होली पर टीचरों के साथ सेल्फी लेते बच्चे व होली पर सजे बाजार। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी वर्कर मांगों को लेकर 18 को करेंगी प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर एवं हैल्पर यूनियन द्वारा अपनी मांगों को लेकर 18 मार्च को फतेहाबाद में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में जिलेभर से आंगनबाड़ी वर्कर एवं हैल्पर भाग लेंगी। प्रदर्शन को लेकर यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने आज कार्यक्रम अधिकारी को नोटिस भी सौंपा।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया अजय चौटाला का जन्मदिन

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर जेजेपी की जिला कार्यकारिणी द्वारा जेजेपी के जिला कार्यालय में केक काटा और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। जेजेपी की जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वीरवार को डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर पार्टी के जिला कार्यालय में एकत्रित होकर केक काटा और उनकी दीर्घायु की कामना की।

### डेरा बाबा सरसाईनाथ में संवतोत्सव 30 को

**सिरसा।** डेरा बाबा सरसाई नाथ में सदियों पुराना संवतोत्सव 30 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। नव संवत 2082 के पावन आगमन के अवसर पर आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर डेरा बाबा सरसाई नाथ में महंत सुंदराई नाथ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की रूप रेखा तैयार की गई और सेवादारों की डयूटी लगाई गई।

### बुलेट के पटाखे छोड़ने पर 22 हजार का चालान

**डबवाली।** यातायात के नियमों का पालन न करने पर 63 वाहनों का यातायात पुलिस डबवाली द्वारा चालान किए गए। यातायात प्रभारी ने बताया कि वाहन चालकों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने वाले व बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा पटाखे चलाने पर एक बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा बाजार में पटाखे चलाने पर 22 हजार रुपये का चालान किया।

### महिला के गले से सोने की तबीजी चुराई

**चोपटा।** चोपटा बस अड्डा पर बस से उतरी एक महिला के गले से अज्ञात व्यक्ति ने सोने की तबीजी चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में गांव रायपुर निवासी शारदा देवी ने बताया कि बीती 12 मार्च की सुबह वह गांव मोठसरा से अपने ससुराल रायपुर के लिए बस में चढ़ी थी। चोपटा बस स्टेंड पर जब वह बस से उतरकर चलने लगी तो उसे पता चला कि गले में पहनी तबीजी नहीं है। उसने बस में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### कलेक्टर रेट पर 24 तक दर्ज करवा सकेंगे आपत्ति

**सिरसा।** जिला सिरसा की सभी तहसीलों व उप तहसीलों के वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जिला प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। प्रस्तावित कलेक्टर रेट के संबंध में यदि किसी नागरिक को कोई आपत्ति है तो वह 24 मार्च तक सम्बंधित तहसीलदार या एसडीएम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। निर्धारित समय के बाद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और कमेटी द्वारा वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट नियमानुसार लागू कर दिए जाएंगे।

### रिजल्ट में गड़बड़ी को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** चौः देवीलाल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के रिजल्ट के साथ हो रही बार-बार छेड़छाड़ को लेकर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई को एक ज्ञापन सौंपा। सुनील शास्त्री प्रदेश सहमंत्री अभाविप, नगर मंत्री युवराज चावला, दिशा प्रांत कार्यसमिति सदस्य व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले लंबे समय से विश्वविद्यालय की रिजल्ट ब्रांच में सभी कक्षाओं के रिजल्ट में बदलाव किया जा रहा है।

## सुपर-100 कार्यक्रम: जिले के 7 सेंटरों पर हुई थी लेवल-1 परीक्षा

# जिले के 137 विद्यार्थियों ने परीक्षा की उत्तीर्ण, दूसरे लेवल में पाया स्थान

### लेवल-2 परीक्षा के लिए जल्द जारी होगा शैड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शिक्षा निदेशालय द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे मेधावी विद्यार्थियों को नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शुरू किए गए सुपर-100 कार्यक्रम की जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। 2025-2027 बैच के लिए लेवल-1 की इस परीक्षा में फतेहाबाद जिले से 137 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। अब यह विद्यार्थी द्वितीय लेवल की परीक्षा देंगे। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को अगले दो साल तक विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा 5 फरवरी को सुपर-100 कार्यक्रम के तहत लेवल-1 की परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा को लेकर फतेहाबाद जिले में 7 सैंटर बनाए गए थे। भट्टूकलां, भूना, फतेहाबाद, जाखल और रतिया में 1-1 सैंटर पर जबकि टोहाना में बनाए गए 2 सैंटरों पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी थी। इसके बाद अब इस जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। इसमें जिलेभर से 137 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें भट्टूकलां के 12, भूना के 40, फतेहाबाद के 38, जाखल के 9, रतिया के 15 तथा टोहाना के 23 विद्यार्थी शामिल हैं। भट्टूकलां में राजकीय व.मा. विद्यालय शेखुपुर दड़ौली के 3, भूना में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल भूना के 6, गर्वमेंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल बोस्ती के 6 तथा शहीद श्री मनीराम गर्वमेंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल बैजलपुर के 4 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी तरह फतेहाबाद में आरोही मॉडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल बैजलपुर के 3, आरोही मॉडल स्कूल बनगांव के 3, गर्वमेंट गल्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल एमपी रोही के 3, गर्वमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल फतेहाबाद के 8 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। रतिया में गर्वमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल रतिया के 3, टोहाना में गर्वमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल इंदाछोई के 5 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण कर लेवल-2 में अपनी जगह पक्की की है। शिक्षा विभाग द्वारा सुपर-100 कार्यक्रम में लेवल-1 की जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। इसमें जिले के 137 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुपर-100 के लेवल-1 में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की द्वितीय स्तर की परीक्षा विकल्प फाउंडेशन (संस्थान), कुरूक्षेत्र में होगी। लेवल-2 परीक्षा को विभाग द्वारा जल्द ही शैड्यूल जारी किया जाएगा।



मुकेश कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ

### सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए महत्वाकांक्षी योजना



सुपर-100 हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए चलाई जाने वाली महत्वाकांक्षी योजना है। द्वितीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले चयनित विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग में दो साल तक 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के साथ-साथ जेई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जाती है। इन विद्यार्थियों की पढ़ाई का सारा खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाता है तथा इनकी पढ़ाई विकल्प संस्थान, कुरूक्षेत्र में करवाई जाती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को सरकारी सुविधाओं, योजनाओं जैसे सुपर-100, मिशन बुनियाद का लाभ दिलवाने के लिए उनके दाखिले सरकारी स्कूल में करवाएं।
-**संगीता बिश्नोई**, डीईओ फतेहाबाद

### खंड स्तर पर रिजल्ट

| खंड का नाम | उत्तीर्ण विद्यार्थी |
|---|---|
| भट्टूकलां | 12 |
| भूना | 40 |
| फतेहाबाद | 38 |
| जाखल | 9 |
| रतिया | 15 |
| टोहाना | 23 |
| कुल | 137 |

# सुख-समृद्धि की मांगी कामना

- जिला भर में श्रद्धा व उल्लास से मनाया जा रहा होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

होली पर्व जिला भर में श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। शहर में वीरवार को कई स्थानों पर होलिका स्थापित की गई। महिलाओं ने घरों में पकवान बनाकर और गोबर के बने बडक़ूलों से होलिका पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। होली पर्व को लेकर शहर के मुख्य चौराहों गोल डिग्गी चौक, पटेल बस्ती, भगतसिंह चौक, गौशाला मोहल्ला, शिव चौक, अग्रसेन कॉलोनी, घंटाघर चौक, नोहरिया बाजार, अनाज मंडी, बी-ब्लॉक, बरनाला रोड, हिसार रोड, कंगनपुर रोड, हुडा सेक्टर सहित अनेक जगहों पर बुधवार सुबह पूजा अर्चना के साथ प्रहलाद भगत और होलिका स्थापित की गई। होली पर्व को लेकर लोगों ने घरों में पकवान बनाए। साथ ही गोबर के बने चांद, सूरज, नारियल, सितारे आदि बडक़ूले बनाकर उन्हें माला में पिरोकर होलिका की पूजा अर्चना की।



सिरसा। सिरसा में को होली पर्व पर होलिका पूजन करती हुई महिलाएं।

## हसंगा गांव में किसान का बेटा सविन बना आबकारी निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना



कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में हसंगा गांव के किसान के बेटे सविन लांबा ने 345वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल की। उनका चयन आबकारी निरीक्षक पद के लिए हुआ है। इस सफलता पर उनके घर बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। सविन लांबा ने 4 अप्रैल 2024 को दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद की परीक्षा भी पास की थी, लेकिन उन्होंने उस पद को ज्वाइन नहीं किया और अपनी पढ़ाई जारी रखी। बुधवार शाम को आए एसएससी/सीजीएल टियर-2 के रिजल्ट में उन्होंने 345वीं रैंक हासिल की। होली के दिन मिली इस सफलता ने उनके परिवार की खुशी दोगुनी कर दी। सविन के पिता सतबीर लांबा मध्यम वर्गीय किसान हैं। वह अपने बेटे की सफलता की उम्मीद दसवीं कक्षा से ही कर रहे थे। क्योंकि सविन पढ़ाई में काफी मेहनत कर रहे थे। सतबीर लांबा श्री बालाजी सेवा मंडल हसंगा में सचिव पद पर रहकर धार्मिक और सामाजिक कार्यों में योगदान देते रहे हैं।

## हरियाणा के तीरंदाजों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन

**सिरसा।** उमरा, हांसी में आयोजित हरियाणा राज्य ट्रायल में अंडर-13 श्रेणी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर हार्दिक पूनियां, हार्दिक सहारण और हिमांशु का चयन राष्ट्रीय किड्स नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी भगत सिंह स्टेडियम में प्रशिक्षक करण सिंह चौहान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अब ये तीनों खिलाड़ी हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए गुंटूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में वाणिज्य संकाय पर करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

- एपेक्स स्कूल में 11वीं में शुरू होंगी वाणिज्य संकाय की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सतीश कालोनी स्थित एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल ने पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स के सहयोग से कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विवेक मनोचा, निदेशक, पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 50 से अधिक संभावित करियर विकल्पों पर चर्चा करते हुए छात्रों को उनकी रुचि और क्षमताओं के अनुरूप सही करियर चुनने की प्रेरणा दी। सत्र के दौरान विवेक मनोचा ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी को एक बेहतरीन पेशेवर पाठ्यक्रम बताया, जिसे 12वीं कक्षा के बाद लगभग साढ़े चार वर्षों में पूरा किया जा सकता है।एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अमित मक्कड़ ने बताया कि वे विद्यालय में ही विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। 2004 से वाणिज्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अमित मक्कड़ ने वाणिज्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में प्रबंधन कौशल हर क्षेत्र में आवश्यक हो गया है। इसके अलावा, उन्होंने घोषणा की कि एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल अब कक्षा 11 के लिए वाणिज्य संकाय शुरू कर रहा है।




फतेहाबाद। एपेक्स स्कूल में आयोजित करियर मार्गदर्शन सत्र को संबोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

# सांसद बराला ने नागरिकों से किया संवाद

- लोगों की समस्याओं को सुना और विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की
- केंद्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने निवास पर नागरिकों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने जनता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे हमेशा लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए उपलब्ध हैं।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं ताकि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं, जैसे कि बेहतर बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और रोजगार के अवसर, समय पर मिल सकें। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के लिए चल रही विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत को प्रतिबिंबित करते हैं, जो सभी समुदायों और वर्गों के साथ मिलकर प्रगति करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते है। राज्यसभा सांसद से उपस्थित नागरिको व जनप्रतिनिधियों ने सडक़, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और अन्य नागरिक सुविधाओं में सुधार के उपायों पर चर्चा की। सांसद ने कहा कि वे संबंधित विभाग के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद ने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इनका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा नागरिकों की जो भी समस्याएं है उसको संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



फतेहाबाद। टोहाना में लोगों से मिलते सांसद सुभाष बराला। फोटो: हरिभूमि



## आर्य समाज ने होली मिलन समारोह पर पुष्प वर्षा कर दी एक-दूसरे को बधाई

**फतेहाबाद।** आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा सुन्दर नगर स्थित आर्य समाज भवन में वासंती नवसस्येष्टि होलिकोत्सव के शुभ अवसर पर यज्ञ सत्संग किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित दीपक शास्त्री ने वेद मंत्रों को उच्चारण कर यज्ञ में विशेष आहुति डलवाई। यज्ञ के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे भारतवर्ष में पावन पर्व होली को मनाया जा रहा है। संस्कृत के होला शब्द से होली बना। प्राचीन काल में हमारे किसान नई फसल को ग्रहण करने से पहले हवन करके अग्नि देव को समर्पित करते थे। कहा जाता है कि मनुष्यों में सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मण को समझा जाता है और भौतिक देवों में अग्नि को सर्वप्रधान देव माना गया है, इसलिए देव यज्ञ का प्रधान साधन भौतिक अग्नि ही है, क्योंकि वह सब देवों का दूत है। दीपक शास्त्री ने कहा कि वेद में इसे अनेक बार देवदूत कहा गया है और हमारी श्रुति भी कहती है कि अकेला खाने वाला केवल और केवल पाप खाता है।

## नायब तहसीलदार ने मौके पर ही रजिस्ट्री करके खरीदार को सौंपी

# डीसी ने ई-दिशा केंद्र में रजिस्ट्री कार्य का किया निरीक्षण

- अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए
- सभी दस्तावेजों के पूर्ण होने के बाद ही रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरा किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला उपायुक्त मनदीप कौर ने वीरवार को लघु सचिवालय द्वितीय फेज में स्थित ई-दिशा केंद्र में रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कराने आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दस्तावेजों के पूर्ण होने के बाद ही रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि रजिस्ट्री के समय कोई आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है, तो उस पर उचित संज्ञान लिया जाए और अधूरे कागजात स्वीकार न किए जाएं। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक रजिस्ट्री के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटरों के चेकलिस्ट पर हस्ताक्षर होना अनिवार्य है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की त्रुटि न हो। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आम नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को रजिस्ट्री कार्य को और अधिक सुचारू व पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिए निर्देश ।



फतेहाबाद। ई-दिशा केंद्र में रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण करती डीसी मनदीप कौर।

### नागरिकों के प्रति संवेदनशील होकर करें कार्य

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी नागरिकों के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करें ताकि उन्हें बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रजिस्ट्री कार्य को अधिक सुगम, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि नागरिकों को बिना किसी देरी के सेवाएं प्राप्त हों। इस अवसर पर नायब तहसीलदार आशीष कुमार ने पंजीकरण कार्यालय में रजिस्ट्री करवाने आए नागरिकों को मौके पर ही पंजीकरण कागजात सौंपे।

## उकलाना में निर्माणाधीन पुल के कारण फतेहाबाद से 8 किमी दूर हुआ चंडीगढ़

# फतेहाबाद से चंडीगढ़ जाने वाली रोडवेज का किराया 10 रुपये बढ़ाया

■ डिपो में बीएस-6 तकनीक की बसों की कमी

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। बस स्टैण्ड। फोटो : हरिभूमि

उकलाना में पुल निर्माण के कारण फतेहाबाद से चंडीगढ़ की दूरी 8 किमी बढ़ गई है। इससे चंडीगढ़ और हरिद्वार जाने वाली बसों का किराया 10 रुपये बढ़ गया है। इसके अलावा डिपो में बीएस-6 तकनीक की बसों की कमी है। एनसीआर क्षेत्र में बीएस-3 और बीएस-4 तकनीक की बसें सिर्फ तक जा रही हैं। इससे दिल्ली, पानीपत, गुडग़ांव और चंडीगढ़ सहित अन्य लंबे रूटों के 20 से ज्यादा फेरे प्रभावित हो रहे हैं। यात्री लंबे समय से इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। उधर, फतेहाबाद डिपो में टिकट काटने के लिए 35 मशीनें खराब पड़ी है जिन्हें रिपेयरिंग के लिए चण्डीगढ़ भेजा गया है लेकिन अभी तक वह वापस नहीं आई हैं। 103 मशीनें हैप्पी कार्ड के लिए रिजर्व रखी हुई हैं।

फतेहाबाद से चण्डीगढ़ व हरिद्वार जाने के लिए प्रतिदिन सुबह 3:20 से लेकर 6 बजे तक करीब 12 बसें फतेहाबाद डिपो से 14 डिपो सिरसा डिपो से व 10 बसें गंगानगर, हनुमानगढ़ से निकलती हैं। फतेहाबाद से चण्डीगढ़ के लिए एक साइड का किराया 310 रुपये सीट का था। उकाना में लंबे समय से पुल का निर्माण चल रहा है। जिस वजह से परिवहन बसों को उकलाना के पूरे गांव का चक्कर काटकर बसें को वाया सुरेवाला चौक चण्डीगढ़ ले जाना पड़ता है। ऐसे में फतेहाबाद से चण्डीगढ़ की दूरी 8 किलोमीटर बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए रोडवेज ने प्रति सवारी 10 रुपये किराया बढ़ा दिया है। अब आने-जाने वाली सवारियों को 10 रुपये बढ़ा हुआ किराया देना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, हनुमानगढ़, सिरसा, डबवाली, फतेहाबाद, भूना, सनियाना से जाने वाले यात्री इससे प्रभावित होंगे।

इसके अलावा फतेहाबाद डिपो के अंदर सबसे बड़ी समस्या ई टिकटिंग मशीन को लेकर चल रही है। यहां टोटल 142 ई टिकटिंग मशीन अलॉट की गई है जिसमें से डिपो के अंदर 103 मशीन ही उपलब्ध है जबकि 35 मशीन खराब है जोकि दिसंबर 2024 को रिपेयर के लिए हेड ऑफिस चंडीगढ़ भेजी गई थी। वो मशीनें आज तक ठीक होकर नहीं आई। इसके अलावा 103 में से कुछ मशीन हैप्पी कार्ड के लिए लगाई गई है। इस कारण डिपो के अंदर मशीनों का टोटा चल रहा है, जिस कारण कई रूट बाधित हो रहे हैं। मशीनों की कमी को देखते हुए यहां लंच टाइम में एक परिचालक से मशीन लेकर दूसरे परिचालक को दिया जा रहा है।

### निर्माण पुरा होने पर कम होगा किराया

उकलाना में लंबे समय से पुल का निर्माण हो रहा है। जिस कारण बसें 8 किलोमीटर की दूरी अतिरिक्त तय कर रही हैं। अब रोडवेज ने फतेहाबाद से चण्डीगढ़ के लिए किराये में 10 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। जब पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा और बसें पुल के ऊपर से जाएंगी तो किराया कम कर दिया जाएगा।
**-जगदीश कुंडू**, टीआई, रोडवेज डिपो, फतेहाबाद।



फतेहाबाद। ग्रीन पार्क में होली उत्सव के दौरान भारत टुटेजा को सम्मानित करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## 'मैं तो तुम संग होली खेलूंगी में तुम संग' भजनों पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ होली उत्सव को लेकर सत्संग का आयोजन

गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव को लेकर आयोजित किए जा रहे सत्संग की कड़ी में आज ग्रीनपार्क, अंजलि कॉलोनी में धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ किया। उसके बाद ममता तनेजा ने 'श्याम नाम तू गाले, तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा' आदि भजनों से माहौल को रसमयी बना दिया। उसके बाद श्याम प्रेमी सुनील मदान ने श्याम बाबा के भजनों, बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय का गुणगान किया और रसमयी माहौल बना दिया। उसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने आज ब्रिज में होली रे रसिया, तू ले बाबा का नाम अमृत बरसेगा, मस्तो की मस्ती बरसाना मेरा गांव है, श्याम से श्यामा बोली चलो खेले अज होली, आदि सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बाबा श्याम का दरबार देखने योग्य था। सभी ने मिलकर बाबा श्याम के सुंदर सुंदर भजनों का आनंद लिया। कीर्तन से पहले भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। बाबा श्याम की ध्वजा लेकर श्रद्धालु बाजारों से होते हुए ग्रीन पार्क स्थित वैष्णो मंदिर में पहुंचे। यहां मुख्य पुजारी ने भारत टुटेजा को सम्मानित किया।

### खबर संक्षेप



## महिला से बाली छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने एक बुजुर्ग महिला से सोने की बाली छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सन्नी उर्फ कुल्लू पुत्र सतपाल निवासी किला मोहल्ला टोहाना के रूप में हुई है। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 जनवरी को किला मोहल्ला निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला शान्ति देवी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार दोपहर को जब वह घर के बाहर गेट पर बैठकर सब्जी काट रही थी तो इसी दौरान एक युवक उसके पास आया और उसके कान से सोने की बाली खीचंकर मौके से फरार हो गया।



## टोहाना में भारी मात्रा में गांजे सहित महिला काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक महिला को भारी मात्रा में गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़ी गई महिला की पहचान बिरमा उर्फ लंका पत्नी राजेन्द्र निवासी वार्ड नं. 2 हाल किरायेदार इंदिरा कालोनी टोहाना के रूप में हुई है। डीएसपी उमेद सिंह ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रेलवे रोड पर नहर पुल के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि बिरमा उर्फ लंका पत्नी राजेन्द्र निवासी इंदिरा कालोनी टोहाना नशा तस्करी का काम करती है। आज भी वह अपने मकान में काफी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर आई है। इस सूचना पर पुलिस टीम बताए गए घर के सामने पहुंची तो देखा कि मकान का मेन गेट खुला हुआ था

## गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले में एक काबू

**फतेहाबाद।** एक गाड़ी पर फायरिंग करने और लाखों रुपये लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सगनदीप सिंह पुत्र मिट्ठू सिंह निवासी गुरां खुर्द जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना सदर रतिया प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 सितम्बर 2021 को तलविन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी महमदगी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रात को वह अपने कपड़े वाली दुकान बंद करके गांव खाई से स्कार्पियो गाड़ी में अपने घर जा रहा था।

## सीटीएम गौरव ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते सीटीएम गौरव गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ कएक-एक समस्या के समाधान पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस

आमजन मानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारी पूरी तत्परता के साथ दूर कर रहे हैं। समाधान शिविर में रखी जाने वाली एक-एक समस्या के समाधान पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस है।

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में नगराधीश गौरव गुप्ता ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन आपसी सामंजस्य के साथ शिकायतों का समाधान कर रहा है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। समाधान शिविर में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुई। सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रहा है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने में पूरा प्रशासन तालमेल के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का प्रत्येक कार्यदिवस के दिन आयोजन किया जा रहा है।

## ठरवा में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**फतेहाबाद।** सुपोषित ग्राम पंचायत ठरवा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीरवार को सुपरवाइजर रचना व पोषण अस्सिटेंट बैअंत कौर ने सरपंच कोमल की मौजूदगी में महिलाओं की गोद भराई व शपथ दिलाई गई। सुपरवाइजर रचना ने बताया गर्भवती महिलाओं, लड़कियों व बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान 20 फरवरी से 24 मई तक चलाया जा रहा है। महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि कुपोषण एक गंभीर समस्या है, जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। संतुलित आहार और स्वच्छता को अपनाकर हम इसे रोक सकते हैं। हरी सब्जियां, दालें, दूध, फल और सूखे मेवे हमारे शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं।



फतेहाबाद। ठरवां में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### जन समस्याओं का हल प्रशासन की प्राथमिकता: एडीसी

## रात्रि ठहराव कार्यक्रम में 40 जन समस्याओं का किया समाधान

■ विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी

■ ग्रामीणों की मांग पर तीन अप्रैल को दिव्यांग जांच कैंप लगाने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। गांव पन्नीवाला मोटा में रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों की शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीणों की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ उनके घर द्वार पर निवारण हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बीती रात गांव पन्नीवाला मोटा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम हुआ। रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुन मौके पर समाधान किया। इस दौरान डीएसपी कपिल अहलावत भी मौजूद रहे। इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर आमजन को लाभ पहुंचाया। इस दौरान पंजीकृत 40 शिकायतों के अलावा मौके पर भी ग्रामीणों की शिकायतें सुनी गई और अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर गांव में ही तीन अप्रैल को दिव्यांग जांच कैंप लगाने के आदेश दिए गए।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच मंजू बाला व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने गांव में चल रहे विकास कार्यों व मांगों के बारे में अवगत कराया। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निर्धारित समय सीमा में निवारण करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जरुरतमंद पात्र लोगों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों को लेना चाहिए। योजना की जानकारी लेने के लिए वे संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अधिकतर योजनाएं का लाभ देने के लिए सभी जरूरी सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, सरकार का उद्देश्य है कि पारदर्शिता के साथ जरुरतमंद और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले।



रतिया। होली महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

## 'रंग भरी शाम रंगीले कन्हैया के नाम' में झूमे श्रद्धालु

**रतिया।** श्री कृष्ण गौशाला कमेटी व गौशाला मंदिर महिला मंडल रतिया द्वारा 'रंग भरी श्याम रंगीले कन्हैया के नाम' भव्य होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण गौशाला प्रांगण स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में किया गया। कमेटी सदस्यों ने बताया कि होली के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 'रंग भरी श्याम रंगीले कन्हैया के नाम' भव्य होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार में हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुल्ला, रतिया के उपमंडलाधीश सुरेश कुमार, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष सुखविंदर गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में फतेहाबाद से आए हुए भैया राज ग्रोवर श्री हरि नाम संकीर्तन मंडल ने अपने भजनों के माध्यम से आए हुए श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में वृंदावन की लठमार होली, फूलों की होली, तिलक होली, इत्र होली का आयोजन नाच गा कर बड़े धूमधाम से किया गया।

## दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में घायल युवक ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ टोहाना में कुदनी हैड के पास हुआ था हादसा

टोहाना में कुदनी हैड के पास हुए सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू सुंदर नगर, दमकौरा रोड, टोहाना निवासी सुनीता देवी ने कहा है कि उसके पति दिनेश कुमार दोपहर को निजी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर राशन डिपो से घरेलू सामान लेने के लिए गांव कुदनी हैड गए थे। देर रात को उसे सूचना मिली कि उसके पति का एक्सीडेंट हो गया है जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें उपचार के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची तो चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दिनेश को अग्रोहा रेफर कर दिया। जब वह अग्रोहा पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने अस्पताल के बाहर से ही उन्हें पीजीआई रोहतक ले जाने को कहा। महिला ने कहा कि रोहतक में उपचार के दौरान उसके पति ने दम तोड़ दिया। महिला ने आरोप लगाया कि गांव कुदनी हैड निवासी सचिन कुमार नामक युवक ने अपने मोटरसाइकिल को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसके पति दिनेश के मोटरसाइकिल में टक्कर मारी जिससे उनकी मौत हो गई है।



फतेहाबाद। अहरवां विद्यालय में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आज के छात्र ही कल के वैज्ञानिक : अमनदीप सिंह

**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहरवां के प्रांगण में मॉनिटरिंग कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रेरक के रूप में प्रोफेसर अमनदीप सिंह, राजकीय महाविद्यालय भूना ने शिरकत की जबकि प्रधानाचार्य जगदीश चन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवक्ता जीव विज्ञान सुनील कुमार एवं प्रवक्ता भौतिक विज्ञान रेनू बाला के मार्गदर्शन में बच्चों ने मॉडल, पोस्टर तथा रोल प्ले का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य प्रेरक ने बालक बालिकाओं द्वारा निर्मित मॉडलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मॉडल, पोस्टर बनाने से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की वृद्धि होती है। मॉडल प्रतियोगिता के पश्चात क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं के परिणाम आने पर विजेता छात्र और छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## नगरपालिका भूना की तर्ज पर पूरे प्रदेश को आवारा पशु मुक्त बनाने की मांग

■ 18 हजार गोवंश को सडक़ों से हटाकर गोशालाओं में पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



भूना। नगर पालिका के कर्मचारी सडक़ पर आवारा घूम रहे पशुओं को नंदी शाला में ले जाते हुए।

नगर पालिका भूना की आवारा पशु मुक्त मुहिम की विधानसभा में सराहना हुई। फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने भूना की तर्ज पर पूरे प्रदेश को आवारा पशु मुक्त बनाने का सुझाव दिया। भूना नगरपालिका चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसीजा की प्रशंसा भी की। बता दें कि शहर भूना में वर्ष 2017 में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयकृष्ण आभीर ने आवारा पशुओं पर काबू पाने के लिए सख्त कदम उठाए थे। शहर से तीन किलोमीटर दूर नंदीशाला बनवाई और प्रधान दलबीर जाखल, डॉ. जितेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह कैरो, भूपेंद्र सिंह, प्रवीण लीखा, खैराती लाल छोकरा तथा अजय रेवड़ी सहित सामाजिक संगठनों के सहयोग से आवारा पशु मुक्त अभियान चलाया। टोहाना, भूना, भट्टूकला, फतेहाबाद और रतिया में कई नंदीशाला और गौशालाओं का निर्माण करवाया। शुरुआती दौर में 18 हजार गोवंश को सडक़ों से हटाकर गौशालाओं में पहुंचाया। इसके बाद नगर पालिका चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने इस मुहिम को और तेज किया। सडक़ों पर घूम रहे गोवंश को गौशाला और नंदीशाला में भेजा।

**अभियान** पेयजल से की जा रही थी सब्जियों की खेती, 8 कनेक्शन काटे

# पेयजल की किल्लत न हो, इसके लिए अवैध कनेक्शन जांचने के लिए घर-घर जा रही टीमें

■ जिनके बिल बकाया है उनको भी नोटिस दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। ग्राम पंचायत नूरकी अहली में चेकिंग अभियान चलाती जन स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

जल संरक्षण अभियान के दौरान जिले के सभी शहरों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टीम लगाकर घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। इस दौरान जिसने भी पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा सब्जी लगा रखी है उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटे जा रहे हैं। इसके साथ-साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है जिनके बिल बकाया है उनको भी नोटिस दिया जाएगा। यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जाएंगे, ताकि जिले के हर घर को पीने का पानी मिल सके। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने वीरवार को कनिष्ठ अभियंता दुर्गेश अरोड़ा की टीम द्वारा ग्राम पंचायत नूरकी अहली में ऐसे 8 कनेक्शन काटे गए हैं जिन्होंने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी लगा रखी थी।

### शहरों व गांवों में चलाया जाएगा अभियान

*यह अभियान जिले के सभी शहरों व सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है जिस कारण गांव के कुछ घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं से भी अपील है कि इस संबंध में विभाग की मदद करें ताकि जल्दी फतेहाबाद जिले के सभी घरों मे पीने का पानी उपलब्ध हो सके। इसके साथ-साथ विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी इस अभियान के दौरान चिह्नित करके ठीक करवाया जाएगा।*

### कार्यकर्ताओं ने जलेबी-पकौड़ों का लिया आनंद

# जाखल में मिली हार के अगले दिन ही डीजे पर नाचते दिखे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जाखल में हार के अगले दिन जिला कार्यालय में डीजे पर नाचते भाजपाई।

लोकसभा व विधानसभा चुनावों में जिले में बुरी तरह हार के बाद हाल ही में जाखल नगरपालिका चुनाव में मिली करारी हार के बावजूद भाजपा का जिला नेतृत्व हार के कारणों की समीक्षा की बजाय होली के रंग उड़ाने में मशगूल है। सिरसा में कांग्रेस की हार पर जैसे कांग्रेसियों ने गोभी के पकौड़े बांटे, वैसे फतेहाबाद में हार के अगले ही दिन भाजपा ढोल-नगाड़ों की थाप व डीजे पर नाचते नजर आए और मिठाईयां, जलेबियां पकौड़े इत्यादि पकवानों का आनन्द लिया। बीजेपी जिला कार्यालय में होली महोत्सव जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। ग्रोहा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि भाईचारे, सौहार्द व प्रेम का प्रतीक भी है, इसलिए इस त्योहार को श्रद्धाभाव से हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ अपनों से शिकवे मिटाते हुए मनाना चाहिए। उन्होंने अनुरोध किया कि रंगों का प्रयोग संयमित और प्राकृतिक रूप से करें, जल की बर्बादी कम करें और किसी भी तरह की असुविधा या अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जिम्मेदारी से त्योहार का आनंद लें।

- कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी

**ये हरे मौजूद:** इस अवसर पर हरियाणा सरकार के चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, जगदीश शर्मा, जिला सचिव विक्रम शर्मा, टेकचंद मिड्ढा, पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मुलखराज चावला, सोशल मीडिया के जिला प्रभारी जगदीप मोंगा, जिला मीडिया प्रभारी पवन झूषसह व सह मीडिया प्रभारी नवजोत ग्रोहा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, विक्की मराठी, रवि शर्मा, महिला नेत्री सुमन मिड्ढा अंजू रानी, सुमन बजाज, इन्द्र बतरा आदि मौजूद रहे।

## होली पर हुडदंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने जिलावासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह रंगों का अनूठा त्यौहार है, जो एकता और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। यह त्यौहार लोगों के जीवन में रंग भरने के साथ-साथ सभी को समाज में सद्भाव से रहने के लिए प्रेरित करता है। एसपी ने जिलावासियों से आह्वान किया कि सभी लोग एकता और भाईचारे की भावना के साथ इस पर्व को मनाएं। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि होली के पर्व पर किसी तरह से कोई हुड़दंग न हो, इसके लिए जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। हुड़दंग करने वालों को किसी सूरत में नहीं बक्शा जाएगा।







